**तत्काल जारी हेतु**

**प्रेस विज्ञप्ति सं. 137/2025**

**भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा)**

www.trai.gov.in

**नई दिल्ली, 24 नवंबर 2025**

## भादूविप्रा ने पिछले एक वर्ष में 21 लाख से अधिक धोखाधड़ीपूर्ण नंबरों एवं एक लाख संस्थाओं पर की कार्रवाई

**भादूविप्रा ने सभी मोबाइल उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि वे केवल अपने फ़ोन पर कॉल ब्लॉक करने के बजाय TRAI DND ऐप के माध्यम से स्पैम एवं धोखाधड़ी संबंधी शिकायतें दर्ज करें।**

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने एक परामर्श जारी करते हुए नागरिकों से आग्रह किया है कि वे स्पैम कॉल/एसएमएस की शिकायतें **TRAI DND ऐप** के माध्यम से दर्ज करें। प्राधिकरण ने यह उल्लेख भी किया है कि केवल व्यक्तिगत उपकरणों पर नंबरों को ब्लॉक कर देने से स्पैम का स्रोत स्तर पर निराकरण नहीं हो पाता है।

पिछले एक वर्ष में, **नागरिकों द्वारा दर्ज की गई शिकायतों के आधार पर भादूविप्रा ने 21 लाख से अधिक मोबाइल नंबरों तथा लगभग एक लाख संस्थाओं को, जो स्पैम एवं धोखाधड़ीपूर्ण संदेश भेजने में संलिप्त थीं उन्हे डिस्कनेक्ट एवं ब्लैकलिस्ट कराने की भूमिका निभाई है। जो यह दर्शाता है कि दूरसंचार के दुरुपयोग पर अंकुश लगाने में उपयोगकर्ताओं द्वारा सामूहिक शिकायत दर्ज करना राष्ट्रीय स्तर पर अत्यंत** महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

यह व्यापक कार्रवाई इसलिए संभव हो पाई क्योंकि नागरिकों ने स्पैम की शिकायतें **TRAI DND ऐप** के माध्यम से दर्ज की । जब कोई उपभोक्ता TRAI DND ऐप पर स्पैम कॉल या एसएमएस की शिकायत दर्ज करता है, तो इससे भादूविप्रा और दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को संबंधित **मोबाइल नंबरों का पता लगाने, सत्यापन करने तथा उन्हें स्थायी रूप से डिस्कनेक्ट करने** में मदद मिलती है। इसके विपरीत, केवल फ़ोन पर किसी नंबर को ब्लॉक कर देने से वह नंबर व्यक्तिगत उपकरण पर ब्लॉक हो जाता है— **इससे धोखेबाज़ों को नए नंबरों का उपयोग कर अन्य उपभोक्ताओं से संपर्क करने से रोका नहीं जा सकता ।**

**सार्वजनिक सलाह**

नागरिकों को निम्नलिखित सलाह दी जाती है:

- आधिकारिक ऐप स्टोर से **TRAI DND ऐप** डाउनलोड करें।
- **स्पैम एसएमएस/कॉल की शिकायतें अपने फ़ोन पर नंबर ब्लॉक करने के बजाय TRAI DND ऐप** के माध्यम से दर्ज करें, जिससे अपराधियों की पहचान कर उन्हें डिस्कनेक्ट किया जा सके।
- **कॉल, संदेश या सोशल मीडिया पर अपनी व्यक्तिगत अथवा बैंकिंग संबंधी** जानकारी साझा न करें।
- किसी संदेहास्पद या धमकीपूर्ण कॉल प्राप्त होने पर तुरंत कॉल डिस्कनेक्ट कर दें।
- साइबर धोखाधड़ी की शिकायत **राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन (1930)** या www.cybercrime.gov.in पर दर्ज करें।
- दूरसंचार संसाधनों के दुरुपयोग द्वारा किए गए धोखाधड़ी प्रयासों की रिपोर्ट **संचार साथी** के **"चक्षु "** फीचर के माध्यम से करें।

प्राधिकरण सभी नागरिकों के लिए एक **सुरक्षित, संरक्षित और विश्वसनीय दूरसंचार परिवेश** सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। स्रोत स्तर पर स्पैम को रोकने हेतु सतत प्रवर्तन कार्रवाई , तकनीक-संचालित निगरानी, तथा **TRAI DND ऐप** के माध्यम से जन-सहभागिता अत्यंत आवश्यक हैं।

भादूविप्रा ने सभी नागरिकों को विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों, महिला उपभोक्ताओं तथा डिजिटल रूप से नए अथवा कम अनुभवी उपयोगकर्ताओं को सतर्क रहने, इस सलाह को साझा करने और किसी भी संदिग्ध संचार की तुरंत रिपोर्ट करने का आग्रह किया है।

**(अतुल कुमार चौधरी)**

सचिव, भादूविप्रा